# बिहार विधान परिषद

**(बिहार विधान परिषद् का 194वां बजट सत्र)**

**Short Notice Questions For Written Answers**

## 02 मार्च 2020

----

**[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन ].**

**Total Short Notice Question- 13**

----

### फोर लेन पुल का निर्माण

***41 प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

Will the **कृषि** be pleased to state:-
क्या मंत्री,पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राष्ट्रीय उच्च-पथ संख्या-31 (NH-31) के भागलपुर जिला स्थित नवगछिया एवं कटिहार जिला स्थित कुरसेला के बीच कोशी नदी पर वर्षों पूर्व निर्मित पुल सामरिक दृष्टिकोण से भी अति महत्वपूर्ण है ;

(ख) क्या यह सही है कि इस पुल पर बड़े-बड़े मालवाहक ट्रकों के गमनागमन से कई बार इसकी मरम्मती भी की गई है जिस कारण यातायात भी प्रभावित रहता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस पुल के समानान्तर एक फोर लेन पुल के निर्माण का विचार रखती है ,यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

### पथांश का निर्माण

***42 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

Will the **पथ निर्माण** be pleased to state:-

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-31 स्थित खगडि़या शहर के ठीक पश्चिम स्थित बेगूसराय से आने के क्रम में प्रवेश पुल से खगडि़या बस स्टैण्ड के बीच पथ की जर्जरता के कारण हर समय जाम लगा रहता है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त जर्जर पथ के दोनों छोड़ से सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण है अथवा युद्ध स्तर पर किया जा रहा है जबकि लगभग एक किलोमीटर से भी कम जर्जर पथांश की मरम्मती वर्षों से नहीं हुई है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार इस पथांश का निर्माण अविलंब कराने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## पुल का निर्माण

***43 श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

Will the **पथ निर्माण** be pleased to state:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परिहार प्रखण्ड के अनुसूचित जाति की बस्ती मोक्करी तथा परिहार बाजार के बीच हरदी नदी की नहर पर पुल की निर्माण नहीं होने से अनुसूचित जाति की इस बस्ती के निवासियों में आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक ठहराव हो गया हैं , जिसको समाप्त करने हेतु पुल का निर्माण आवश्यक है,यदि हां तो सरकार कबतक उक्त नदी की नहर पर पुल का निर्माण कराना चाहती है ?

----

## पथ की मरम्मती

***44 श्री दिलीप राय (सीतामढी स्थानीय प्राधिकार ):**

Will the **ग्रामीण कार्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला के पिपराही प्रखंड अंतर्गत अम्बा कला गांव से जिहुली होते हुए भंडार (जिला-पूर्वी चम्पारण) तक की सड़क की स्थिति काफी दयनीय होने के कारण आवागमन में कठिनाई होती है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त पथ की मरम्मती एवं कालीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## सड़क निर्माण

***45 श्री आदित्य नारायण पाण्डेय (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

Will the **ग्रामीण कार्य** be pleased to state:-

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज के प्रखंड मुख्यालय के असांव होकर दियर को जाने वाली जर्जर सड़क से आवागमन में लोगों को काफी परेशानी हो रही है ;

(ख) क्या यह सही है कि वर्ष 2015 में सड़क की मरम्मती करायी गयी थी ;

(ग) क्या यह सही है कि सड़क का लेवल नीचे होने से बारिश के पानी की निकासी नहीं तो पाती है जिससे सड़क जल्द खराब हो जाती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क के निर्माण का विचार रखती है, हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क निर्माण

***46 श्री संजय प्रसाद (मुंगेर स्थानीय प्राधिकार ):**

Will the **ग्रामीण कार्य** be pleased to state:-

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई प्रखण्ड के ग्राम तिलैया से कैनाल ग्रामीण सड़क निर्माण नहीं होने के कारण उस इलाके में स्थापित जनता को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त वर्णित ग्रामीण कार्य सड़क को समय पूर्वक निर्माण कार्य कराने के प्रति विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों नहीं ?

----

## सड़क का पुनर्निर्माण

***47 श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

Will the **ग्रामीण कार्य** be pleased to state:-

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि अरवल जिला मुख्यालय ,बस स्टैंड से शाही मुहल्ला( पुरानी अरवल ) होते हुए बैदराबाद जाने वाली सड़क अत्यंत ही जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है

;

(ख) क्या यह सही है कि सड़क की कई वर्षों से मरम्मती नहीं होने के कारण क्षेत्र के निवासियों को मुख्यालय आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त सड़क का पुनर्निर्माण अतिशीघ्र कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

**बाइल एप के संबंध में**

*48 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

Will the **ग्रामीण कार्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में ग्रामीण सड़कों को बेहतर स्थिति में रखना और ग्रामीण क्षेत्र में आवागमन की सुविधा को विकसित करना है, इसके लिए विभाग का एप बन तैयार हो गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि भोजपुर जिला और बक्सर जिला में कितनी ग्रामीण सड़कें हैं और इस वर्ष में भोजपुर जिला और बक्सर जिला में कितनी पुरानी ग्रामीण सड़कों की मरम्मती करनी है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंड के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार राज्य की ग्रामीण सड़कों को मोबाइल एप के माध्यम से नजर रखने का विचार रखती है ?

----

**पुल का निर्माण**

*49 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

Will the **पथ निर्माण** be pleased to state:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बक्सर में गंगा नदी पर वीर कुंवर सिंह सेतु के समानान्तर एक पुल की योजना विचाराधीन है जो बिहार और उत्तर प्रदेश को जोड़ती है ;

(ख) क्या यह सही है कि बक्सर का वीर कुंवर सिंह सेतु जर्जर है जिसपर आवागमन काफी खतरनाक है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार कब तक यह पुल

तैयार करना चाहती है ?

----

## पुल का निर्माण

*50 **श्री कृष्ण कुमार सिंह (विधान सभा):**

Will the **ग्रामीण कार्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि कार्य प्रमंडल सीतामढ़ी, दलसिंहसराय, बेनीपट्टी, बलिया,पटोरी,झंझारपुर, दरभंगा, मुजफ्फरपुर पश्चिम, पूर्णिया, नवादा, रोसड़ा, महुआ, अररिया, समस्तीपुर ,फारबिसगंज, मुजफ्फरपुर पूर्वी, सोनपुर जगदीशपुर व रजौली में विभाग के द्वारा 5 वर्ष पूर्व 64 पुलों का निर्माण कार्य शुरू किया गया था ;

(ख) क्या यह सही है कि विभाग के अभियंता व ठेकेदारों की लापरवाही के कारण 5 वर्ष पूर्व शुरू किये गए उक्त पुलों का निर्माण कार्य आज तक पूरा नहीं हो सका है ;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य योजनान्तर्गत स्वीकृत उक्त पुलों के निर्माण की खर्च राशि नाबार्ड से मिलनी है, लेकिन समय सीमा में पुल नहीं बना तो नाबार्ड राज्य सरकार को राशि नहीं देगा इसके बाद पूरी राशि का व्यय राज्य सरकार को करना होगा;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुलों का निर्माण कार्य समय पर कराना चाहती है यदि हां तो कबतक?

----

## योजनाओं का कार्य पूरा

*51 **श्री रामचन्द्र भारती (मनोनीत):**

Will the **ग्रामीण कार्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिले में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजनाओं का कार्य अभी तक 30 प्रतिशत ही पूरा हो पाया है ;

(ख) क्या यह सही है कि जिलाधिकारी,पटना के द्वारा बार-बार समीक्षा बैठक किए जाने एवं संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिए जाने के बावजूद कार्य में गति नहीं आ रही है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मुख्यमंत्री क्षेत्र

विकास योजनाओं का कार्य ससमय पूरा करने की दिशा में कौन सी त्वरित कार्रवाई करना चाहती है ?

----

## जलकरों की बंदोबस्ती

*52 **श्री अर्जुन सहनी (विधान सभा):**

Will the **पशु एवं मत्स्य संसाधन** be pleased to state:-

क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री महोदय के द्वारा 10 जुलाई ,2013 को मछुआरा दिवस के अवसर पर घोषणा की गई है कि मछुआरों को एक रुपये की टोकन राशि पर जलकरों की बंदोबस्ती की जाएगी, जो विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में 11जुलाई 2013 को प्रकाशित हुई है ;

(ख) क्या यह सही है कि पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के माननीय मंत्री महोदय के द्वारा बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ लि. की 69वीं वार्षिक आम सभा की दिनांक 17 जून 2019 को हुई बैठक में उद्घाटनकर्ता के रूप में शामिल होकर उक्त सभा में घोषणा की गई है और मछुआरों को एक रुपये की टोकन राशि पर जलकरों की बंदोबस्ती की जाएगी, जो विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में दैनिक 18 जून, 2019 को प्रकाशित हुई है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो राज्य घोषणा के अनुसार राज्य के मछुआरों को एक रुपये की टोकन राशि पर जलकरों की बंदोबस्ती करना चाहती है ?

----

## पुल का निर्माण

*53 **श्री सतीश कुमार (विधान सभा):**

Will the **पथ निर्माण** be pleased to state:-

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत रक्सौल प्रखण्ड के परसौना तपसी पंचायत के जयंत टोला मुख्य सड़क से NH 27 डी को जोड़ने वाली सड़क पर निर्मित पुल ध्वस्त हो गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पुल के ध्वस्त होने से जिला अनुमंडल एवं प्रखंड मुख्यालय जाने में 5-6 पंचायतों के दर्जनों गांवों के लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर पुल का निर्माण अविलंब कराने की दिशा में कार्रवाई करना चाहती है, हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----